# ब्यावर में स्प्रीट से अवैध अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी

## चार अभियुक्त गिरफ्तार, शराब परिवहन के उपयोग में लाया जा रहा टेम्पो जब्त



जिला स्पेशल टीम तथा साकेत नगर थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- भारी मात्रा में स्प्रीट से निर्मित अंग्रेजी शराब, मशीनें, खाली बोतलें, पव्वे तथा देशी-विदेशी अंग्रेजी शराब के लेबल बरामद किये
- किराये के मकान में अन्दर लगा रखा था स्प्रीट से निर्मित अंग्रेजी शराब का कारखाना

**ब्यावर,** (निसं)। ब्यावर में स्प्रीट से अवैध अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। वहीं पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा शराब परिवहन के उपयोग में लाया जा रहा टेम्पो जब्त किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में स्प्रीट से निर्मित अंग्रेजी शराब, मशीनें, खाली बोतलें, पव्वे तथा देशी-विदेशी अंग्रेजी शराब के लेबल बरामद किये। बताया जा रहा है कि किराये के मकान में फैक्टरी लगाकर अन्दर स्प्रीट से निर्मित अंग्रेजी शराब का कारखाना लगा रखा था।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आई.पी.एस. के निर्देशन में वृताधिकारी राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए जिला स्पेशल टीम तथा थानाधिकारी साकेत नगर बलभद्र सिंह ने स्प्रीट से अंग्रेजी शराब बनाने की अवैध फैक्टरी से 38 कार्टून स्प्रीट निर्मित अंग्रेजी शराब व शराब निर्माण में काम आने वाली मशीनें, खाली बोतलों तथा परिवहन में प्रयुक्त टेम्पो को जब्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सांय डीएसटी टीम को सूचना मिली कि साकेत नगर थाना इलाके में कुछ लोगों ने एक किराये के मकान में अवैध शराब बनाने की फैक्टरी लगा रखी है और वहां भारी मात्रा में स्प्रीट से निर्मित अवैध शराब मिल सकती है। इस पर जिला स्पेशल टीम थानाधिकारी साकेत नगर बलभद्र सिंह पुलिस निरीक्षक ने मय टीम कृष्णा कॉलोनी पहुंचे जहां पर भरत भाई तेली के मकान में टीम ने दबिश दी तो मकान में चल रही अवैध शराब की फैक्टरी मिली, जहां भारी मात्रा में अवैध स्प्रीट निर्मित अंग्रेजी शराब व देशी व अंठोजी शराब की बोतलें, पव्वे, शराब निर्माण करने की सामग्री मशीनें, स्प्रीट के खाली ड्रम, शराब की बोतलों पव्वों पर लगाने के लेबल व परिवहन में प्रयुक्त एक लौडिंग टेम्पो भी मिला।

वहां पर शैलेन्द्र सिंह राठौड़ उर्फ शेरू पुत्र भगवानसिंह रावणा राजपूत निवासी महादेव कॉलोनी आईओसी कॉलोनी के पीछे सेन्दडा रोड, योगेश भाण्ड पुत्र नारायण लाल भाण्ड निवासी बिलातों का बाड़िया चांग, दीपक कुमावत पुत्र रामचन्द्र कुमावत निवासी कुमावत कॉलोनी फतेहपुरिया दोयम, विक्रम पुत्र शंकरलाल भाण्ड निवासी बिलातों का बाड़िया चांग मिले, जिनके कब्जे से सभी सामग्री बरामद की गई। गिरफ्तारशुदा मुलजिम शैलेन्द्र सिंह राठौड़ उर्फ शेरू ने मकान किराये पर लेकर मकान के अन्दर शराब निर्माण करने की फैक्टरी लगाकर भारी मात्रा में अवैध स्प्रीट से अंग्रेजी व देशी शराब का निर्माण कर उन पर विभिन्न ब्राण्ड की कम्पनियों के लेबल लगाकर बाजार में बेच रहे थे। आरोपियों के विरूद्ध थाना साकेत नगर में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

आरोपियों द्वारा शराब बनाने के लिये बड़ी मात्रा में स्प्रीट तथा अन्य सामान कहां से ला रहे थे इस संबंध में भी गहनता से पूछताछ जारी है। मुलजिम शैलेन्द्र सिंह राठौड व योगेश भाण्ड के विरूद्ध पूर्व में भी लूट, मारपीट व शराब तस्करी के आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# साइबर ठगी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

## 1 करोड़ 81 लाख 16 हजार रूपए का हिसाब मिला


बालोतरा पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने एक रहवासी मकान में दबिस देकर तीनों आरोपियों को पकड़ा
- ऑनलाइन सोशल साईटों पर कस्टमरों को गैम खेलने का झांसा देते थे

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा पुलिस व डीएसटी टीम ने गुरुवार को साइबर ठगी के मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त पांच मोबाइल, नेटवर्क राउटर, विभिन्न बैंकों के एटीएम, पासबुक, चैक बुक, हिसाब-किताब रजिस्टर व 1 करोड़ 81 लाख 16 हजार 922 सौ रूपए का हिसाब जब्त कर साइबर ठगी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बालोतरा पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा साईबर ळापराधों की रोकथाम, साईबर अपराध प्रकरणों, परिवादों के त्वरित निस्तारण एवं साइबर जागरूकता के लिए चलाये जा रहे विषेष अभियान "साईबर शील्ड" के तहत गोपालसिंह भाटी आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं सुशील मान आरपीएस, वृताधिकारी बालोतरा के निकटतम सुपरविजन में ओमप्रकाश निपु. थानाधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में गठित टीम व डीएसटी बालोतरा की सूचना अनुसार साइबर ठगी में उपयोग लिये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, विभिन्न बैंकों के एटीएम, बैंक डायरियां, करोड़ों के हिसाब-किताब सहित आरोपी भंवरलाल, लक्ष्मण कुमार व आईदानराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार आठ जनवरी को डीएसटी बालोतरा से सूचना प्राप्त हुई कि जरखेश्वर बगीची से आगे एक किराये के मकान में तीन युवक मोबाइल फोन, नेट का राउटर, बैंक चैक बुकें, एटीएम कार्ड इत्यादि सामग्री के साथ साइबर ठगी का काम कर रहे है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस थाना बालोतरा की पुलिस टीम द्वारा जरखेश्वर बगीची के पास रहवासीय मकान पर दबिश देकर आरोपी भंवरलाल, लक्ष्मण कुमार व आईदानराम को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी द्वारा षड्यंत्रपूर्वक योजना बनाकर धोखाधड़ी करने के आशय से ऑनलाईन सोशल साईट, इंटाग्राम व फैसबुक एड आदि पर कस्टमरों को गैम खेलने का झांसा देकर उन्हें प्रेरित कर मोबाइल उपकरणों का उपयोग कर रूपये हड़पना पाया जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों से साइबर ठगी के संबंध में जांच जारी है। पुलिस ने भंवरलाल पुत्र गेनाराम जाट निवासी दानपुरा पुलिस थाना गिड़ा जिला बालोतरा, लक्ष्मण कुमार पुत्र नगाराम जाट निवासी पटाली नाडी, रतेउ पुलिस थाना गिड़ा जिला बालोतरा, आईदानराम पुत्र तुलछाराम जाट सिंगोड़िया पुलिस थाना नागाणा जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया है।

# झूठी एफआईआर लिखने पर एस.पी को हाईकोर्ट की फटकार

- एफआईआर को फेक करार देते हुए बाड़मेर एसपी को जवाब तलब किया

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने बाड़मेर कोतवाली थाने में दर्ज एक एफआईआर को फेक करार देते हुए बाड़मेर पुलिस अधीक्षक को फटकार लगाते हुए कोर्ट में हाजिर रहकर जवाब तलब किया है। साथ ही कहा है कि पुलिस अधिकारी आमजन के हितों की रक्षा के लिए है, उन्हें ये अधिकार नहीं है कि अपने व्यक्तिगत द्वेष के लिए झूठी एफआईआर दर्ज कर कानून हाथ में लें, उससे खेलने का अधिकार नहीं है। चाहे आरोपी की पूर्व में आपराधिक पृष्ठभूमि रही हो। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा कि तथ्यों को देखकर प्रतीत होता है कि बाड़मेर पुलिस ने अपने पद और पॉवर का इस्तेमाल कर झूठा मामला परिवादी पर थोपा है।

पूरा मामला पिछले साल 28 मार्च का है। पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर में बताया गया कि बाड़मेर शहर के राजकीय अस्पताल के आगे से दिनदहाड़े ब्लैक स्कॉर्पियो में सवार होकर आए कुछ बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया, जिसकी तलाश में पुलिस के साथ बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीणा खुद अपहृत युवक की दस्तयाब और आरोपियों को पकड़ने में लगे थे। इसी दौरान शहर के चौहटन चौराहे के पास बाड़मेर एसपी को एक ब्लैक कलर की बिना नंबरी स्कॉर्पियो गाड़ी दिखाई दी। गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन, ड्राइवर ने बाड़मेर एसपी और उसमें सवार ड्राइवर और गनमैन को जान से मारने की नियत से सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। उसके बाद आरोपी स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। बाद में पुलिस ने शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर एक गांव में स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया था। हालांकि, इस गाड़ी में सवार लोगों का अपहरण की वारदात से संबंध नहीं था। बरामद स्कॉर्पियो में शैलेन्द्र सिंह नाम के युवक के पहचान पत्र भी बरामद हुए थे। इसी आधार पर बाड़मेर एसपी के आदेश पर वाहन चालक की रिपोर्ट के आधार पर शैलेन्द्र सिंह के खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया, जिसके खिलाफ शैलेन्द्र सिंह ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसके बाद कोर्ट ने एफआईआर नंबर 175/2024 पर कार्रवाई को स्थगित कर दिया है।

जोधपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश फरजंद अली ने पेश किए गए वीडियो फुटेज और तस्वीरों की जांच के बाद पाया कि वाहनों के बीच कोई टक्कर नहीं हुई थी। यह मामला झूठे सबूत गढ़ने का प्रतीत होता है। कोर्ट ने अपराध की संभावना को लेकर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा और कोतवाली थानाधिकारी लेखराज सियाग को शपथ पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों से पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू की जाए, मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी, जिसमें अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

# ई-मित्र कियोस्कों का निरीक्षण

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में आमजन को योजनाओं का लाभ और ई-मित्र कियोस्कों पर बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की टीम ने गुरूवार को ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक पवन नानकानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिले के चार ई-मित्र कियोस्क धारकों के यहां सेवाओं की दर सूची और को-ब्रांडेड बैनर नहीं पाए गए। नियमानुसार इन कियोस्क धारकों पर पेनल्टी लगाकर कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के दौरान एसीपी (उपनिदेशक) आबिद हुसैन अंसारी और सूचना सहायक निरंजन खोईवाल भी उपस्थित थे।

# कड़िया गैंग के अपराधियों को गिरफ्तार किया


मेड़ता पुलिस ने कड़िया गैंग के अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

- अपराधियों पर दिल्ली, राजगढ़, मध्यप्रदेश, केकड़ी सहित कई जगह मामले दर्ज हैं

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मेड़ता पुलिस ने कड़ियां गैंग के अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों का कई अपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी दिल्ली, राजगढ़, मध्यप्रदेश, केकड़ी सहित कई जगह दर्ज है।

मेड़ता थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि मेड़ता निवासी नमिता टांक ने मेड़ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनसे कुछ महिलाएं बाजार में उनसे टकराई। टकराने के बाद उन्होंने देखा कि उनका पर्स जिसमें करीब 1800 रुपए थे गायब हो गया। जिसकी मेड़ता पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगश के निर्देश पर पालना करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व मेड़ता पुलिस वृताधिकारी रामकरण मलिंडा के नेतृत्व में एक टीम तैयार की। टीम ने जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें चार महिलाएं संध्गिध पाई गई, जिससे पूछताछ की और आधार कार्ड मांगा तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनको पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया, जहां गहन पूछताछ पर उनका सम्बंध कड़ियां गैंग से निकला जो भीड़भाड़ इलाके, बस स्टैंड, मार्केट में जाकर अपने काम को अंजाम देते थे, जिनको पकड़े जाने पर पता चला कि इन पर काफी मुकदमे पूर्व में दिल्ली, मध्यप्रदेश सहित कई स्टेट में पहले ही हैं।

थानाधिकारी दायमा ने बताया कि आरोपी राधिका पत्नी चेतन चमार सिसोदिया निवासी कड़ियां, जुली पत्नी बादल, रामकली पत्नी मोहर, ज्योति पत्नी पदमसिंह को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से इनको पीसी रिमांड पर भेजा गया। इनको पकड़ने में मेड़ता थाने का मुख्य योगदान रहा।

# गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप

**अजमेर,** (कासं)। उर्स के मौके पर दरगाह क्षेत्र के अंदरकोट में गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि पुलिस द्वारा गैस सप्लाई वाले वाहनों को रोके जाने पर समस्या खड़ी हुई है। गैस एजेंसी संचालक नवनीत सिंह चौहान का कहना रहा कि दरगाह वैकल्पिक मार्ग पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी गैस सिलेंडर से भरे वाहनों को अंदरकोट क्षेत्र में प्रवेश नहीं होने दे रहे। इस कारण 6 जनवरी से क्षेत्र में सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। चौहान का यह भी कहना है कि समस्या के समाधान के लिए स्थानीय जिला प्रशासन से गुहार लगाई गई थी लेकिन समाधान नहीं हो सका। अब शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद गैस सिलेंडर की सप्लाई सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। इधर गैस सप्लाई ठप होने की वजह से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ब्लैक में गैस सिलेंडर बेचने वालों की होड़ लगी है और इसका भार उपभोक्ताओं की जेबों पर पड़ रहा है।

# कार में शराब तस्करी करते दो गिरफ्तार


पुलिस ने कार में शराब तस्करी करते दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की हमीरगढ़ थाना पुलिस ने कार में शराब तस्करी करते दो आरोपितों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से कार व चार पेटी शराब जब्त की है।

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान हमीरगढ़ की ओर से आई एक स्वीफ्ट कार को रोका। तलाशी लेने पर उसमें चार पेटी शराब मिली, जिसे पुलिस ने कार सहित जब्त कर लिया। शराब की इन पेटियों में पव्वे भरे थे। पुलिस ने इस मामले में बीलिया कलां निवासी सांवरनाथ योगी (21) पुत्र शिवनाथ व धर्मराज गुर्जर (19) पुत्र किशन गुर्जर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# अज्ञात युवक की सिर कुचली तीन दिन पुरानी लाश मिली

## शरीर का कुछ हिस्सा जानवरों ने नौंच डाला था


हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक की लाश मिली।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ईको पार्क के पास एक अज्ञात युवक की सिर कुचली। तीन दिन पुरानी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शरीर का कुछ हिस्सा जानवरों ने नौंच डाला था। ऐसे में शव की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पहचान के लिए शव अभी मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।

हमीरगढ़ थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि ईको पार्क में मवेशी चराने गई महिलाओं ने बुधवार शाम एनिकट के नजदीक भैंरूजी के रास्ते पर स्थित खाई में एक युवक की लाश देखी, जो बदबू मार रही थी। महिलाओं ने इसकी जानकारी ईको पार्क गार्ड के जरिये हमीरगढ़ पुलिस को दी। इस पर थाना प्रभारी सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और मौका स्थल का मौका मुआयना किया। वहां खाई में एक युवक की लाश पड़ी थी, जो दो से तीन दिन पुरानी होकर सड़-गल चुकी थी। उसका चेहरा कुचला हुआ था। शरीर का कुछ हिस्सा जानवरों ने नौंच डाला। सिंह ने बताया कि मामला प्रथमदृष्टया युवक की सिर कुचलकर हत्या करना प्रतीत हो रहा है। पहचान के बाद ही स्थिति साफ हो पायेगी। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र 25 से 30 साल के बीच की है। वह मेहंदी रंग का पायजामा और प्रिंटेड शर्ट पहने हैं। पुलिस ने शव को एमजी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाते हुये मृतक की पहचान के प्रयास शुरु कर दिए हैं।

# अजमेर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण तोड़े

## पीड़ित ने आरोप लगाया कि एडीए द्वारा उसे कोई नोटिस नहीं दिया गया था



एडीए ने जेसीबी से मकान की दीवार को ध्वस्त किया।

- एडीए द्वारा यह कार्यवाही मार्गाधिकार नियमों के तहत की गई

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा गुरुवार को वैशाली नगर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बने एक अवैध निर्माण पर पीला पंजा चला कर ध्वस्त कर दिया। यह कार्यवाही मार्गाधिकार नियमों के तहत की गई। प्राधिकरण की तहसीलदार सुनीता के नेतृत्व में अधिकारियों और भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। वहीं पीड़ित ने आरोप लगाया कि एडीए द्वारा उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया और कार्यवाही अंजाम दी।

अजमेर विकास प्राधिकरण के मीडिया प्रभारी व उपायुक्त सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि गुरुवार को वैशाली नगर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बने एक अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान भारत गैस गोदाम के आगे बने एक आवासीय मकान का लगभग 10 फीट हिस्सा गिराया गया। मकान मालिक मनोज का कहना है कि उनके पास 1987 में नगर सुधार न्यास द्वारा स्वीकृत नक्शा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ने बिना किसी पूर्व नोटिस के कार्रवाई कर रहे हैं। इस कार्रवाई को लेकर मकान मालिक में आक्रोश है। मकान मालिक मनोज ने कहा कि उन्हें कोई सूचना या नोटिस नहीं दिया गया। यह कार्रवाई पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है, मेरे पास निर्माण का वैध नक्शा है। वहीं मीडिया प्रभारी शर्मा ने बताया कि मनोज डिडवानिया के पास 1097 वर्गगज भूमि आवंटन की गई थी, मौके पर इसके अलावा अवैध कब्जा भी किया गया था, जिसे आज ध्वस्त कर दिया गया।

गौरतलब है कि पिछले दिनों प्राधिकरण और नगर निगम ने भी क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए कई भवनों को सीज किया था। यह कार्रवाई उसी अभियान का हिस्सा मानी जा रही है। इस दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। मौके पर मौजूद प्राधिकरण की तहसीलदार सुनीता ने कार्रवाई को लेकर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

# जिला समाप्त करने के विरोध में आज से क्रमिक अनशन धरना शुरू

**शाहपुरा,( निसं )।** जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर वरिष्ठ नागरिक संस्थान की ओर से क्रमिक अनशन धरना दिया गया। संघर्ष समिति के संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा एवं वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ वैष्णव सहित वरिष्ठ नागरिक संस्थान के रामस्वरूप काबरा, बसंती लाल निर्वाण कन्हैयालाल आर्य राधेश्याम अग्रवाल मदनलाल अग्रवाल देवेंद्र बलिया प्रहलाद सनदी सतनारायण पाठक प्रवीण पारीक क्रमिक अनशन व धरने पर बैठे।


अभिभाषण संस्था के के सानिध्य में जिला बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ जनों ने धरना प्रदर्शन ।

**अधिवक्ताओं ने 10 जनवरी तक किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार-** अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को आमजन का सहयोग लगातार मिल रहा है। अभिभाषक संस्था शाहपुरा के सभी अधिवक्तागणों ने 10 जनवरी तक न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर शाहपुरा को यथवत जिला बनाए की मांग कर संघर्ष जारी रखा। विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और संघर्ष समिति के सदस्यों ने शाहपुरा जिले को समाप्त करने के सरकार के निर्णय का विरोध किया और नारेबाजी कर शाहपुरा को यथावत जिला बनाए रखने की मांग कर प्रदर्शन किया।

**आज श्री गणेश उत्सव समिति देगी धरना-** जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि 10 जनवरी को क्रमिक अनशन धरने पर श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्य धरना देंगे। सामाजिक संगठनों का लगातार मिल रहा समर्थन अभिभाषण संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को शाहपुरा को जिला बनाए रखने के लिए लगातार विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है आज श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल समाज शाहपुरा एवं मुस्लिम समाज शाहपुरा ने समर्थन पत्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा एवं संयोजक रामप्रसाद जाट को सोपा ।इस मोके पर अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पथरिया से सहसचिव कमलेश मुंडेतिया तेजप्रकाश पाठक वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा अनिल शर्मा नमन ओझा संजय हाडा विवेक दाधीच चावंड सिंह आशीष पालीवाल प्रियेश सिंह यदुवंशी अंकित शर्मा राहुल पारीक अंकित मालू सहित संघर्ष समिति के सदस्य मिंकु रविदत पांडरिक रामस्वरूप खटीक धनराज जीनगर हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा भगवान सिंह यादव अविनाश शर्मा रवि शंकर उपाध्याय सहित जैन समाज के महावीर प्रसाद सोगानी मानक गोद महेंद्र कुमार पुखराज एवं मुस्लिम समाज के शहर काजी मौजूद रहे।

- शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन आठवे दिन भी अनवरत जारी

## बसंत पंचमी पर होंगे कार्यक्रम

**मेड़ता सिटी,(निसं)।** मेड़ता नामदेव टाक क्षत्रिय दर्जी समाज के नवयुवक मंडल की बैठक बुधवार रात को नामदेव भवन में अध्यक्ष विनोद रुणवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व को लेकर चर्चा की गई वही नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष विनोद रुणवाल ने बताया कि आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसको लेकर 1 फरवरी को शाम को सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा वही 2 फरवरी बसंत पंचमी को नामदेव भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी । अध्यक्ष रूणवाल ने बताया नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनोद रुणवाल , उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश रुणवाल, सचिव विजय तारवाण , कोषाध्यक्ष प्रकाश सर्वा , सह कोषाध्यक्ष रवि रूणवाल, संगठन मंत्री योगेश रुणवाल , हरेंद्र नागर , प्रचार व मीडिया प्रभारी महेन्द्र टेलर, योगेश ऊंटवाल ,सह सचिव मुकेश नागर , भंडारपाल प्रकाश तारवान वही सदस्य के रूप में राधेश्याम नेरिया, अर्पित तारवान , कैलाश रुणवाल, अशोक खत्ती व दिलीप रुणवाल को सर्वसम्मति से मनाया गया ।

## ठाकुरजी के लगाया हलवे एवं बड़े का भोग

**अजमेर,** (कासं)। सागर विहार कॉलोनी वैशालीनगर स्थित बड़कालेश्वर महादेव मंदिर में पौष बड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ बीना चौधरी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार हिंदी पंचांग के पौष माह का धार्मिक महत्व है। जब सर्दी अपने पूरे चरम पर होती है। तब भगवान को भी गरम वस्त्र, गर्म चीजों का भोग लगता है। सह संयोजक आभा गांधी ने बताया कि इस अवसर पर दाल का हलवा एवं पकोड़े का भोग लगाया गया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं ने भाव विभोर होकर भजनों पर नृत्य किया। तत्पश्चात आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। शिव परिवार, राम दरबार, राधा कृष्ण, दुर्गा मां की मूर्तियों को ऊनी वस्त्र एवं पोशाक धारण करा कर नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। साथ ही पूरे मंदिर की फूल मालाओं के साथ रंगीन बल्बों से सजावट की गई। इस अवसर पर कौशल्या देवी, अनिता गार्गिया, नगीना चतुर्वेदी, लीला अग्रवाल, पूजा चौधरी, राजेंद्र गांधी, दिविशा चौधरी, अनिता राठी, वर्षा, ऊषा, पियूष, विनोद, कमलेश चौधरी, नीरज गोयल, गुलज़ार, एकता गांधी, प्रीति गोयल सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## अकीदतमंदो के साथ चादर शरीफ का जुलस निकाला

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर में आयोज्य सालाना उर्स के मौके पर पार्षद हमीदा बानो के नेतृत्व में गांधीनगर ख्वाजा कॉलोनी से अकीदतमंदों के साथ चादर शरीफ का जुलुस निकाला गया। जुलूस मदीना मस्जिद होता हुआ आरओबी पुलिया रूपनगढ़ रोड व्यापारी मोहल्ला होकर मुख्य चौराहे पहुंचा। जहां विधायक डॉ विकास चौधरी के पिता रामचंद्र चौधरी, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राकेश शर्मा, प्रदीप चौधरी, पार्षद रफीक चौहान, सुशील अजमेरा, महेंद्र यादव, हिम्मत सिंह, नूर मोहम्मद, पप्पू मेघवाल, कुचिल सरपंच शाहिद खान, तेजपाल बजाड़, राहुल चोरड़िया, कलसुम शेख, सुनीता चौधरी, रंजीत चौधरी, जगदीश जीनगर, रतन जीनगर, केसरीमल डूकिया, रामस्वरूप भडाणा, एडवोकेट कृष्णअवतार शर्मा, कमल डीडवानिया, दीपक बिरला ने पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया।

**NAME CHANGE**
I, Army No 15341574M Rank : HAV, Name: AMIT KUMAR Residing at Vill. KHOR Post: ATELI MANDI Teh: NARNAUL Dist- MAHENDRAGARH, State HARYANA Pin-123021 have change my Daughter Name from SHIVANI to SHIWANI Vide affidavit No. BW 937801 Dated 09/01/2025 before Court campas Nasirabad

**NAME CHANGE**
I, Army No 15338541W Rank : HAV, Name: SAMBHUNATH SANKI Residing at Vill. BALIDANGA Post: BALIDANGA Teh: GHATAL Dist- PASCHIM MEDINIPUR, State W.B. Pin-721212 have change my Daughter Name from SANGEETA to SANGEETA SANKI Vide affidavit No. BW 937802 Dated 09/01/2025 before Court campas Nasirabad

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
**लोक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बीना माथुर पत्नि श्री ईश्वर दयाल माथुर की ग्राम चौरसियावास, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1469 (साविक) 1458 (हाल) में क्षेत्रफल 369.00 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड को अपंजीकृत बेचाननामा द्वारा खातेदार जफरू पुत्र श्री चन्दा द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती सरोज माथुर पत्नि श्री के. एल. माथुर को विक्रय किया गया था उसके पश्चात् श्रीमती सरोज माथुर ने नोटेरीशुदा इकरारनामे श्रीमती बीना माथुर को विक्रय किया है। उक्त भूखण्ड के नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।
(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

# ऋषि पूछी हरि भक्त सुहाई, कहीं शंभू अधिकारी पाई : अशोकानन्द

- श्री रामकथा व रामलीला के तीसरे दिन सुनाया प्रसंग
- श्री राम कथा शिव की अनन्य भक्ति और राम की कृपा का मिलन

**अजमेर,** (कासं)। बाबा ईसरदास साहिब के शताब्दी महोत्सव पर ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम में चल रही श्री रामकथा व राम लीला मंचन का तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आनन्द प्राप्त किया। संतों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम व हनुमान जी की आरती की एवं सभी कलाकारों का भी अभिनन्दन किया गया।

महिला श्रद्धालुओं ने झूमकर नृत्य कर माहौल को धार्मिक मय बना दिया। आश्रम में ही चल रहे रामायण का मूल पाठ का विधिवत पूजन कर 21 ब्राहमणों द्वारा पाठ का किया गया। महामण्डलेश्वर हंसराम उदासीन, महंन्त स्वरूपदास, महन्त हनुमानराम व संत महात्माओं के सानिध्य में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। समाजसेवी वीना जयकिशन बदलाणी, दीपक बालाणी, गोपी जनवाणी, जोधपुर, भावना मनू व दीदी माया ने श्रीराम व माता सीता की आरती की। आज विशेष रूप से पुरूषोतम लाल सांई धाम मुम्बई (अंधेरी) से पण्डित हीरानन्द महाराज, सांई धाम, जयपुर से करण महाराज, अशोक द्वारकादास शर्मा, गुरूयाणी गुरूमाता नेहा देवी ने आरती में भाग लिया। श्रीराम कथा में हुये धार्मिक प्रसंग- स्वामी अशोकानन्द ने श्रीराम कथा के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि याज्ञवल्लभ जी और भारद्वाज ऋषि के बीच हुई संवाद का उल्लेख करते हुए संत जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला।

'ऋषि पूछी हरि भक्त सुहाई, कहीं शंभू अधिकारी पाई' कहा कि भगवान भोलेनाथ ने स्वयं भगवान राम के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा का भाव व्यक्त किया है। भगवान शिव का यह कथन कि श्री राम मेरे हृदय में निवास करते हैं' उनकी भक्ति और भगवान राम के प्रति अनन्य प्रेम को दर्शाता है। रामलीला का मंचन- संत गौतम सांई ने बताया कि ताड़का वध के पश्चात भगवान श्री राम ने विश्वामित्र ऋषि के आश्रम में उनका आशीर्वाद लिया, उसके बाद नगर भ्रमण किया और पुष्प वाटिका पहुंचे, मितिलेश नन्दनी अपनी सखियों के साथ भगवान श्रीराम का मनमोहक सुन्दर रूप देखकर देखा।

## प्रतियोगिता में विधार्थियो ने भाग लिया

**मदनगंज-किशनगढ़** । विवेकानंद यूथ फाउंडेशन द्वारा राजकीय महाविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और शतरंज के माध्यम से उनके तर्कशक्ति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बढ़ाना रहा। उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य जे.पी शुक्ला, बालिका महाविद्यालय प्राचार्य सी.पी पोकरना, महाविद्यालय व्याख्याता अनुराग शर्मा, लोकबंधु, किशोरीलाल ने किया। शिक्षक दीपेंद्र सिंह राठौड़, फारुक मोहम्मद, चेतन व्यास ने सहयोग किया। निर्णायक अन्वेषी किशोर रहे। मंच संचालन नितेश सुराणा ने किया। विद्यार्थियों ने अपनी शतरंज की रणनीतियों का प्रदर्शन कर शातिर चालों के माध्यम से जीतने की कोशिश की। यूथ फाउंडेशन सदस्य पार्षद मनीष टेलर, अभिषेक पारीक, यश जैन, अंकित शर्मा, अतुल समरिया, शुभम सोमानी, विशाल कुमार सहित कई युवा मौजूद रहे।

# ओरियन्टेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अजमेर** । यूटीआरसी बैठक को अधिकाधिक सफल बनाने के लिए महेन्द्र कुमार ढ़ाबी अपर एवं जिला सेशन न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जेल विजिटिंग लॉयर्स एवं पैरालीगल वोलंटीयर्स हेतु ओरियन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित एलएडीसीएस सदस्यों, पैरालीगल वोलंटीयर्स एवं लॉ इन्टर्न को अण्डरट्रायल व सजायाफ्ता चिन्हित पात्रा बंदियों की रिहाई के संबंध में बिन्दुवार जानकारी प्रदान की गयी व समस्त कार्यविधि व नियमों से अवगत करवाया गया। ढ़ाबी ने बताया कि जेल में निरूद्ध पात्रा बंदियों की जमानत कार्यवाही हेतु प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार कार्यवाही संपादित की जाती है। उन्होंने बताया की निर्धारित एवं निर्देशित श्रेणीयों में वर्गीकृत बंदियों को उनके द्वारा किये गये अपराध एवं उन पर लगी धाराओं के अनुरूप चिन्हित किया जा कर उनके प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही संपादित की जाती है। इसके बारे में उपस्थित समस्त हितधारकों को ओरियन्टेशन सेशन में विस्तृत जानकारी दी गई। ओरियन्टेशन कार्यक्रम में एलएडीसीएस सदस्यों सौरभ चैहान, भंवर विनोद सिंह राठौड़ चांदनी कच्छावा एवं अभिलाषा शर्मां ने ओरियन्टेशन कार्यक्रम में भाग लिया एवं समस्त पैरालिगल वोलंटीयर्स को विधिक जानकारी प्रदान की। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित हितधारकों में पेरालिगल वोलंटीयर्स को यह भी निर्देशित किया की वे अधिक से अधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करें एवं नालसा एवं रालसा की समस्त कल्याणीकारी योजनओं का आमजन में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें व सामाजिक सारोकार के साथ समाज में गठित होने वाली संवेदनशील घटनाओं में संज्ञान लेकर प्राधिकरण को अवगत करवाये।

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
**लोक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भारती लोढ़ा पत्नि श्री महेन्द्र लोढ़ा की ग्राम लोहागल, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1020 (साविक) 948 (हाल) में भूखण्ड संख्या 05 क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा खातेदार श्री गिरवर सिंह पुत्र श्री मांगू सिंह द्वारा श्री शिवांशु गुप्ता पुत्र श्री अनिल गुप्ता को विक्रय किया गया था उसके पश्चात् श्री शिवांशु गुप्ता द्वारा नोटेरीशुदा मुख्तारनामा आम श्री सुरेन्द्र लोढ़ा पुत्र श्री सोहनलाल लोढ़ा के पक्ष में निष्पादित किया गया है। मु.आम श्री सुरेन्द्र लोढ़ा ने पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा उक्त भूखण्ड श्री उम्मेदमल जैन पुत्र स्व. श्री पन्नालाल सिंघवी को विक्रय किया गया है। उसके पश्चात उक्त भूखण्ड को श्री उम्मेदमल जैन द्वारा नोटेरीशुदा वसीयतनामा द्वारा श्रीमती भारती जैन को वसीयत किया गया है। उक्त भूखण्ड के नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।
(उपायुक्त दक्षिण) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/729 दिनांक: 8-1-25
**आपत्ति सूचना**
श्री लक्ष्मण लाल गुर्जर पुत्र श्री हरलाल गुर्जर निवासी 768/40 उपरली गुवाडी बालुपुरा आदर्श नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति जो थोक मालियान तृतीय के खसरा संख्या 8164 का भाग है जो वाके थोक मालियान तृतीय वंशीवाला रोलिंग मील के पास नसीराबाद रोड अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 47.67 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व- श्रीमती रजनी चौहान को विक्रित इसी सम्पति का भाग — पश्चिम- मुख्य नसीराबाद रोड
उत्तर- श्रीमती रजनी चौहान को विक्रित इसी सम्पति का भाग — दक्षिण- श्री रामस्वरूप आचार्य की सम्पति
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक: RO (OR)/1890 दिनांक: 08/01/2025
**आपत्ति सूचना**
श्री हरीशचन्द्र पुत्र श्री वरीद मल को योजना प्रथम तल कचहरी रोड अजमेर में दुकान संख्या 14 जरिये नीलामी दिनांक 10.08.1976 से 99 वर्षीय लीज पर दी गई थी। श्री हरीशचन्द्र पुत्र श्री वरीद मल की मृत्यु 21.06.2011 को हो चुकी है। श्री हरीशचन्द्र पुत्र श्री वरीद मल की मृत्यु उपरान्त (1) श्रीमती पुष्पा रामचन्दानी पत्नि स्व. श्री हरीशचन्द्र (2) श्रीमती निर्मला रामचन्दानी पत्नि श्री जितेन्द्र ज्ञानचन्दानी (पुत्री स्व. श्री हरीशचन्द्र) के द्वारा पंजीकृत हक दस्तबरदारी विलेख दिनांक 09.08.2011 से उक्त दुकान श्रीमती अनिता रामचन्दानी पत्नि श्री चिंटू किंगर (पुत्री स्व. श्री हरीशचन्द्र) के पक्ष में हक त्याग कर दिया गया है। श्रीमती अनिता रामचन्दानी पत्नि श्री चिंटू किंगर (पुत्री स्व. श्री हरीशचन्द्र) द्वारा अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान द्वारा पंजीकृत हम दस्तबरदारी विलेख दिनांक 09.08.2011 मय आवेदन प्रस्तुत कर उक्त दुकान को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो 07 दिवस में लिखित में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने नामान्तरण करने की कार्यवाही कर दी जायेंगी।
(कीर्ति कुमावत) उपायुक्त (विकास) नगर निगम अजमेर

## डी.जी.पी. उत्कल रंजन साहू ने गुरुवार को अजमेर दौरे पर रहे

**अजमेर,** (कासं)।राजस्थान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने गुरुवार को अजमेर दौरे रहे। इस दौरान वह आरपीएससी की डीपीसी की बैठक मे शामिल हुए। इससे पूर्व रेंज आईजी कार्यालय में संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस संयुक्त बैठक में अन्य विभागों के एडीजी और रेंज आईजी कार्यालय के अधीन 5 जिलों के एसपी भी मौजूद रहे। बैठक में साइबर क्राइम की रोकथाम और आमजन से संवाद बढ़ाने पर चर्चा की गई।डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने कहा कि जिस हिसाब से टेक्नोलॉजी बढ़ रही है, उसके हिसाब से पुलिस में कमी है। लेकिन, साइबर क्राइम का जो पैटर्न है उसमें जनता को जागरूक होना बहुत जरूरी है। लेकिन वह हो नहीं रहा है। राजस्थान पुलिस ने जागरूकता अभियान भी चलाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में इसका जिक्र किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई चीज नहीं है। इसके बाद भी वारदातें हो रही है। जनता को जागरूक होने के बहुत आवश्यकता है। जनता जैसे ही जागरूक हो जाएगी तो साइबर क्राइम का कोई हिस्सा नहीं बचेगा। डीजीपी ने कहा कि आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता के साथ समय-समय पर संवाद करते रहें और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों में पारदर्शिता और सुगमता से कार्य होने चाहिए, ताकि लोगों को थाने के चक्कर न काटने पड़ें। थाने स्तर पर अधिकारियों की समयबद्ध उपस्थिति के बारे में डीजीपी ने स्पष्ट किया कि यह व्यावहारिक नहीं है कि प्रत्येक थाना अधिकारी तय समय पर हमेशा थाने में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि थाने के संचालन की प्राथमिकता जनता की समस्या का समाधान है, न कि केवल उपस्थिति सुनिश्चित करना। रेंज आईजी कार्यालय पर संभाग के पांच जिलों के एसपी के साथ संयुक्त बैठक में क्षेत्रीय कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अपराध की रोकथाम, विशेष रूप से साइबर क्राइम, नशा तस्करी और महिला अपराधों पर नियंत्रण के लिए रणनीतियां बनाई गईं।

# निदेशक तकनीकी ने की हाथी भाटा स्थित पावर हाउस में जनसुनवाई

- कुल 18 प्रकरण आए जनसुनवाई में इनमें से 11 टाटा पावर से संबंधित

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के हाथीभाटा स्थित पावर हाउस में निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान लाइन शिफ्टिंग, नए कनेक्शन जारी करने, वीसीआर, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग तथा ऑडिट चार्जेज के कुल 18 प्रकरण जनसुनवाई में सामने आए। इन प्रकरणों में से 11 प्रकरण टाटा पावर से संबंधित थे। जनसुनवाई के दौरान परिवादी चंद्रालाल निवासी श्रीनगर ने निदेशक तकनीकी के समक्ष अपनी परिवेदना बताई। उन्होंने कहा कि 13 जून को मेरे निजी प्लॉट पर मेरे विरोध के बावजूद डिस्कॉम द्वारा ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। इसके लिए नसीराबाद कार्यालय में कई बार ट्रांसफार्मर हटाने के लिए कहा तो मुझे डिमांड नोट दे दिया गया , जबकि यह गलती परिवादी की है ही नही। इस पर निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी ने सहायक अभियंता को फोन पर फटकार लगाई तथा इस प्रकरण के जांच के आदेश दिए। इसी तरह सेवानिवृत्त


पावर हाउस में निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया ।

कर्मचारी दिलीप कुमार शर्मा ने निदेशक तकनीकी के समक्ष गुहार लगाई की उनका मेडिकल बिल का भगतान पेंडिंग चल रहा है। इस पर निदेशक तकनीकी ने उन्हें बताया कि उनका प्रकरण पहल ही जयपुर भेजा जा चुका है, जैसे ही जयपुर से सैंक्शन आ जायेगी तब अविलंब आपको भुगतान कर दिया जाएगा। निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी ने जनसुनवाई में प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को 7 दिन के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अजमेर दिनेश सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी, टाटा पावर से चीफ ऑपरेशन्स पल्लव जैन तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह जनसुनवाई अजमेर विद्युत वितरण निगम के उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए आयोजित की गई थी। निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी ने कहा कि निगम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इस जनसुनवाई के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**
क्रमांक/न.प.कि/कृ.भूमि/2025/811 दिनांक: 09-01-2025
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय ( भूखण्ड क्षेत्रफल 694.44 वर्गगज ) पर श्री श्याम सुन्दर मोदानी पुत्र श्री सत्यनारायण मोदानी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है-
पूर्व में - किशनगढ़ श्रीनगर रोड — पश्चिम में - द्वितीय भूखण्ड
उत्तर में - श्री सूरजकरण का भूखण्ड — दक्षिण में - श्रीमती मोहनी देवी का भूखण्ड
अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**
क्रमांक/न.प.कि/कृ.भूमि/2025/813 दिनांक: 09-01-2025
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय ( भूखण्ड क्षेत्रफल 625 वर्गगज ) पर श्री श्याम सुन्दर मोदानी पुत्र श्री सत्यनारायण मोदानी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है-
पूर्व में - प्रथम भूखण्ड — पश्चिम में - नगर पालिका की भूमि
उत्तर में - श्री सूरजकरण का भूखण्ड — दक्षिण में - श्रीमती मोहनी देवी का भूखण्ड
अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
क्रमांक/नियमन/24-25/699 दिनांक- 01-01-2025
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्रीमति सीता देवी पत्नि श्री अर्जुनराम दुखाडिया निवासी रामसर बलाईयान तहसील ब्यावर ने राजस्व ग्राम रामसर बलाईयान के खसरा नम्बर 78 से 81 में स्थित श्री राम नगर के भूखण्ड संख्या 23 कुल क्षेत्रफल 196.62 वर्गगज भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है। अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
सीमायें ( साईट प्लान के अनुसार )
पूर्व- प्लाट नं. 22 — पश्चिम- अन्य की भूमि
उत्तर - रोड सेन्टर से 100 फीट — दक्षिण - प्लाट नं. 21
आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

## अटल जन सेवा शिविर में हाथों हाथ हुआ समाधान

**नागौर** । आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी जनसुनवाई कार्यक्रम लोक राहत की दिशा में उपलब्धिमूलक सिद्ध हो रहे हैं और इनमें अपनी समस्याओं तथा शिकायतों का समाधान पाकर ग्रामीण सुकून का अहसास कर रहे हैं।

पंचायत समिति मूण्डवा के अन्तर्गत गांव ईनाणा की रहने वाली भाटी देवी भी उन्हीं ग्रामीणों में से एक हैं जिनके लिए जनसुनवाई ने राहत देकर उनकी ज्वलन्त समस्या का निवारण कर दिया है। अस्सी पार वृद्धा विधवा भाटी देवी (आरजे-एस पेंशन योजना-पीपीओ क्रमांक - 08662195) के अंगूठे की स्पष्ट छाप नहीं आ पाने के कारण पेंशन सत्यापन नहीं हो पाया और इस कारण से जुलाई माह से पेंशन प्राप्त होनी बंद हो गई। गुरुवार को हुई जनसुनवाई में पहुंचकर भाटी देवी ने जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार पुरोहित को इस बारे में जानकारी दी और पेंशन बहाल करने का आग्रह किया।

# उद्योग लगाने के लिये रिको जमीन आंवटन कर सकेगा : उद्योग मंत्री

- मार्बल एसोसिएशन कार्यालय में सेमिनार का शुभारंभ

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** जीएसटीएफ के दसवें संस्करण का दो दिवसीय आयोजन किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन के सभागार में शुरू हुआ। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, लघु उद्योग भारती राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद, राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, जीएसटीएफ संयोजक नटवरलाल अजमेरा, सिडोज वाइस चेयरमैन राकेश गुप्ता, सीईओ मुकुल रस्तोगी ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। लघु उद्योग भारती पदाधिकारीयों ने मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। संगठन मंत्री प्रकाश चंद ने कहा कि भारत देश अपने अमृत काल में संसाधनों के दोहन करते हुए नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर दुनिया में आगे बढ़ रहा है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि किशनगढ़ एक तपोभूमि है, यह विश्व की प्रसिद्ध मार्बल मंडी है। यहां के उद्यमी


लघु उद्योग भारती पदाधिकारीयों ने मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

मेहनती और निरंतर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते रहे है। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सरकार द्वारा उद्योगों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के लिए निवेश प्रोत्साहन नीति 2024 का उल्लेख करते हुए कहा कि अब उद्यमीयों को व्यापार करने के लिए जमीन रीको के द्वारा सीधे ही आवंटित कर दी जाएगी। व्यापारी अपनी फैक्ट्री लगाना चाहता है तो उसको सरकारी बोली या नीलामी में भाग लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया है कि आर्थिक मजबूती के साथ प्रदेश की इकोनॉमी को 15 लाख करोड़ से 30 लाख करोड़ कर दिखाना है। उन्होंने कहा मार्बल के उत्पादन में उधमियों को नई-नई तकनीक के प्रयोग निरंतर करते रहना चाहिए। बाद अतिथियों ने जीएसटीएफ प्रदर्शनी का उद्घाटन कर विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। मार्बल स्टोन इंडस्ट्रीज से संबंधित विभिन्न उपयोगी की सत्र आयोजित किये। प्रथम सत्र में पत्थर उद्योग के अपशिष्ट को अवसरों में बदलना एवं द्वितीय सत्र में विकसित प्रौद्योगिकियों में पत्थर प्रसंस्करण सहित तृतीय सत्र में निर्यात पदोन्नित नीतियां व पत्थर उद्योग में कौशल विकास इन सभी विषयों पर विशेषज्ञ द्वारा उपयोगी जानकारी दी गई। मंच संचालन उद्योग भारती पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम ने किया। इस दौरान सभापति दिनेश सिंह राठौड़, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, उपखंड अधिकारी निशा सहारण, उद्योग भारती से दीपक शर्मा, उमेश गोयल, गौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मार्बल उधमी, लघु उद्योग भारती पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद के जयंती पर गतिविधियों का आयोजन

**ब्यावर** (निसं) श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के जयंती पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढा के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर पोस्टर मेकिंग, चार्ट, जीवन संस्मरण जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया जाटव, द्वितीय स्थान अंजली चौहान व तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से खुशी बिहानी एवं निशी जैन रही । चार्ट प्रतियोगिता में शिम्पी साहू ने प्रथम स्थान व गुजंन द्वितीय स्थान पर रही ।समापन के अवसर पर अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रेरक संस्मरणों को बताते हुए छात्राओं को उनसे सीखने के लिए प्रेरित किया ।

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
अविप्रा
टोडरमल मैग, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/ दिनांक :- 08/01/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 36/2024-25**
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से Balance Work of Affordable Housing Scheme Under Affordable Housing Policy – 2009 Situated at Daurai Beawer Road Ajmer की अनुमानित लागत राशि 347.79 लाख की ई-निविदा दिनांक 05.02.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http:://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http:://sppp.raj.nic.in) http:://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- AJD2425WSOB00212
राज.संवाद/सी/24/10108 अधिशाषी अभियन्ता

